हज यात्रियों के लिए विमानों की विशेष व्यवस्था

3969. **श्री राघवजी :** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है किएयर इंडीया ने फरवरी, 1997 में हज यात्रियों के लिए विमानों की विशेष व्यवस्था की थी; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह व्यवस्था करने के लिए एयर इंडिया ने विदेशों के लिए अपनी कई नियमित उड़ाने रद्द कर दी थी; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(ग) इन उड़ानों को रद्द करने के कारण एयर इंडिया को कितना घाटा होने की संभावना है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी.एम इब्राहिम):

(क) एयर इंडिया ने अपने 5 बी 747-200 विमानों को हज संचालन, 1997 के लिए नियोजित किया।

(ख) एयर इंडिया को यूरोप, लन्दन, टोरंटो, हांगकांग तथा ओसाका स्थित स्टेशनों के लिए सेवाओं की आवृति में कमी / रद्द करनी पड़ी थी।

(ग) कोई हनि नहीं होगी क्योंकि अपवर्तित क्षमता का उपयोग हज प्रचालनों के लिए किया गया है जिसकी लागत तीर्थयात्रियों द्वारा तथा सरकार द्वारा दी गई राज -सहायता से पूरी की गयी है।

Pay and perks of Indian Airlines pilots

3970. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) how the average flight hours per day, per month or per year of Indian Airlines pilots compared with those of other domestic and international airlines;

(b) how their pay and perks compare with each other and are in proportion with their respective input in terms of hours of flight; and

(c) how many times during the last five years IA pilots strikes and agitations were attributable to their claim for comparable pay and perks as prevalent in international airlines?

THE . MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI CM. IBRAHIM): (a) The average flying hours of Indian Airlines Pilots on Airbus A-300 and Airbus A-320 type of aircraft in the current schedule are as under;—

	Type of aircraft	Yearly hours	Monthly hours	Avenge Daily hours
Commander	A300	840	70	2.5
Co-pilot	A300	600	50	1.7
Commander	A320	720	60	2.00
Co-pilot	A320	720	60	2.00

However, the information in respect of pilots of other domestic and international airlines is not being maintained at present.

(b) Comparison of pay and perks of Indian Airlines Pilots with Pilots of other carriers is not possible since information regarding pay and perks paid by other carriers to their pilots is not maintained by Government. However, monthly gross emoluments of a Commander and a Copilot of Indian Airlines at the minimum of the scale are Rs. 1,48,000 (based on 55 hours flying) and Rs. 48,800 (based on 45 hours' flying) respectively.

(c) The agitations of pilots during the last five years were due to various causes including their claim in for increase pay and perks, though the demand for comparable levels prevalent in the international market was not directly articulated.

इंडियन एयरलाइन्स की उड़ानों में वृद्धि करने हेतु राज्य सरकारों के अनुरोध

3971. **श्री राधाकिशन मालवीय :**

श्री अजीत जोगी :

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ राज्य सरकारों ने इंडियन एयर-लाइन्स की उड़ानों में वृद्धि करने की मांग की है;